A–BRL–M–HTUC

# सामान्य अध्ययन

## प्रश्न-पत्र—III

# GENERAL STUDIES

## Paper—III

| | |
|---|---|
| *समय : तीन घंटे* | *अधिकतम अंक : 250* |
| *Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 250* |

**प्रश्न-पत्र सम्बन्धी अनुदेश**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें।**

कुल पच्चीस (25) प्रश्न हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में छपे हुये हैं।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक प्रश्न के अंत में सूचित हैं।

प्रवेश-पत्र में प्राधिकृत माध्यम में उत्तर लिखना आवश्यक है तथा यह क्युसीए (Question-cum-Answer) पुस्तिका में निर्दिष्ट जगह पर उल्लेख करना आवश्यक है। प्राधिकृत माध्यम के अलावा अन्य माध्यम में लिखे गये उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे।

प्रश्नों के उत्तर निर्दिष्ट किये गये शब्द संख्या के अनुसार होना चाहिए।

उत्तर-पुस्तिका में कोई पन्ना या पन्ना के अंश अगर खाली हैं तो उसे/उन्हें स्पष्ट रूप से काट देना जरूरी है।

**QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS**

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **TWENTY FIVE** questions printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

All the questions are compulsory.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Any page or portion of the page left blank in the answer book must be clearly struck off.

प्रश्नों के उत्तर कोष्ठकों में निर्दिष्ट शब्द-सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए। शब्द-विस्तार की अपेक्षा प्रश्नोत्तर की अन्तर्वस्तु अधिक महत्वपूर्ण है :—

**Answer questions in NOT MORE than the word limit specified for each in the parenthesis. Content of the answer is more important than its length :—**

Q.1. समावेशी विकास की रणनीति को ध्यान में रखते हुए, नए कम्पनी बिल 2013 ने 'सामूहिक सामाजिक उत्तरदायित्व' को अप्रत्यक्ष रूप से अनिवार्य कर्त्तव्य बना दिया है। इसके गंभीरता से पालन कराने में अपेक्षित चुनौतियों की विवेचना कीजिए। इस बिल की अन्य व्यवस्थाओं और उनकी उलझनों की भी चर्चा करें। [200 शब्द]

With a consideration towards the strategy of inclusive growth, the new Companies Bill, 2013 has indirectly made CSR a mandatory obligation. Discuss the challenges expected in its implementation in right earnest. Also discuss other provisions in the Bill and their implications. [200 words] 10

Q.2. वित्तीय दायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम 2003 को प्रारम्भ करने के क्या कारण थे ? उसके प्रमुख प्रावधानों और उनकी प्रभाविता का समालोचनात्मक विवेचन कीजिए। [200 शब्द]

What were the reasons for the introduction of Fiscal Responsibility and Budget Management (FRBM) Act, 2003 ? Discuss critically its salient features and their effectiveness. [200 words] 10

Q.3. 'कर खर्च' (Tax expenditure) का क्या अर्थ है ? गृह क्षेत्र का उदाहरण लेते हुए विवेचना कीजिए कि यह शासन की बजट-संबंधी नीतियों को कैसे प्रभावित करता है। [200 शब्द]

What is the meaning of the term 'tax expenditure' ? Taking housing sector as an example, discuss how it influences the budgetary policies of the government. [200 words] 10

Q.4. खाद्य सुरक्षा बिल से भारत में भूख व कुपोषण के विलोपन की आशा है। उसके प्रभावी कार्यान्वयन में विभिन्न आशंकाओं का समालोचनात्मक विवेचना कीजिए। साथ ही यह भी बताएं कि विश्व व्यापार संगठन (WTO) में इससे कौनसी चिंताएं उत्पन्न हो गई हैं ? [200 शब्द]

Food Security Bill is expected to eliminate hunger and malnutrition in India. Critically discuss various apprehensions in its effective implementation along with the concerns it has generated in WTO. [200 words] 10

Q.5. राष्ट्रीय व राजकीय स्तर पर कृषकों को दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की आर्थिक सहायताएं कौन-कौनसी हैं ? कृषि आर्थिक सहायता व्यवस्था का उसके द्वारा उत्पन्न विकृतियों के संदर्भ में आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए। [200 शब्द]

What are the different types of agriculture subsidies given to farmers at the national and at state levels ? Critically analyse the agricultural subsidy regime with reference to the distortions created by it. [200 words] 10

Q.6. भारत में बेहतर पोषण व स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए खाद्य उद्योग में गुलाबी क्रांति प्रोन्नति हेतु उपायों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। इस कथन पर आलोचनात्मक प्रकाश डालिए। [200 शब्द]

India needs to strengthen measures to promote the pink revolution in food industry for ensuring better nutrition and health. Critically elucidate the statement. [200 words] 10

Q.7. भारतीय स्वामित्व वाली कम्पनियों पर उदारीकरण के प्रभाव का परीक्षण कीजिए। क्या वे बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से संतोषजनक ढंग से प्रतिस्पर्धा कर रही हैं ? विवेचना कीजिए। [200 शब्द]

Examine the impact of liberalization on companies owned by Indians. Are they competing with the MNCs satisfactorily ? Discuss. [200 words] 10

Q.8. भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार, कृषि उत्पादकता और गरीबी उन्मूलन के बीच संबंध स्थापित कीजिए। भारत में कृषि अनुकूल भूमि सुधारों के रूपांकन व अनुपालन में कठिनाइयों की विवेचना कीजिए। [200 शब्द]

Establish relationship between land reforms, agriculture productivity and elimination of poverty in the Indian economy. Discuss the difficulties in designing and implementation of agriculture-friendly land reforms in India. [200 words] 10

Q. 9(a) अर्थव्यवस्था के माल व्यापार पद्धति में बहुव्यापार खुदरा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के प्रवेश के प्रभाव की विवेचना कीजिए। [100 शब्द]

Discuss the impact of FDI entry into Multi-trade retail sector on supply chain management in commodity trade pattern of the economy. [100 words] 5

Q. 9(b) यद्यपि भारत ने सितम्बर 2012 में संयुक्त संधि मार्ग द्वारा बहुमार्का खुदरा कहलाने वाले व्यापार में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) को स्वीकृति दे दी थी, पर इस निवेश में एक वर्ष पश्चात् भी कोई उन्नति नहीं हुई है। कारणों की विवेचना कीजिए। [100 शब्द]

Though India allowed Foreign Direct Investment (FDI) in what is called multi-brand retail through the joint venture route in September 2012, the FDI, even after a year, has not picked up. Discuss the reasons. [100 words] 5

Q.10. भारत में माल व सेवा कर (GST) प्रारम्भ करने के मूलाधार की विवेचना कीजिए। इस व्यवस्था को लागू करने में विलम्ब के कारणों का समालोचनात्मक वर्णन कीजिए। [200 शब्द]

Discuss the rationale for introducing Goods and Services Tax (GST) in India. Bring out critically the reasons for the delay in roll out for its regime. [200 words] 10

Q.11. परम्परागत ऊर्जा की कठिनाइयों को कम करने के लिए भारत की 'हरित ऊर्जा पट्टी' पर एक लेख लिखिए। [200 शब्द]

Write a note on India's green energy corridor to alleviate the problem of conventional energy. [200 words] 10

Q.12. देश में आधारभूत संरचना के विकास में गैर-सरकारी भागीदारी योजना (PPP) मॉडल का अंगीकरण आलोचना मुक्त नहीं है। इस मॉडल के पक्ष-विपक्ष की समालोचनात्मक विवेचना कीजिए। [200 शब्द]

Adoption of PPP model for infrastructure development of the country has not been free of criticism. Critically discuss pros and cons of the model. [200 words] 10

Q.13. भारतीय एकस्व अधिकार नियम (Patent Law) 1970 की धारा 3(d) में वर्ष 2005 में बलात् संशोधन कराने वाली परिस्थितियों को स्पष्ट करते हुए, यह विवेचना कीजिए कि इसके कारण सर्वोच्च न्यायालय ने नावराटिस की ग्लाइवेक (Glivec) के एकस्व अधिकार आवेदन को किस प्रकार अस्वीकार किया। [200 शब्द]

Bringing out the circumstances in 2005 which forced amendment to the section 3(d) in Indian Patent Law, 1970, discuss how it has been utilized by the Supreme Court in its judgement in rejecting Novratis' patent application for 'Glivec'. Discuss briefly the pros and cons of the decision. [200 words] 10

Q.14. 'निश्चित मात्रा औषध संयोगों' (FDCs) से आप क्या समझते हैं ? उनके गुण-दोषों की विवेचना कीजिए। [200 शब्द]

What do you understand by Fixed Dose Drug Combinations (FDCs) ? Discuss their merits and demerits. [200 words] 10

Q.15. क्रिकेट में 'खेल-पंच निर्णय पुनरीक्षण प्रणाली' से आप क्या समझते हैं ? उसके विविध अवयवों की विवेचना कीजिए। सिलिकॉन टेप में बल्ले का किनारा किस प्रकार भ्रम पैदा कर सकता है ? समझाइए। [200 शब्द]

What do you understand by Umpire Decision Review System in Cricket ? Discuss its various components. Explain how silicone tape on the edge of a bat may fool the system ? [200 words] 10

Q. 16(a) 'आंगुलिक हस्ताक्षर' (digital signature) क्या होता है ? उसके द्वारा प्रमाणीकरण का क्या अर्थ है ? 'आंगुलिक हस्ताक्षर' की प्रमुख विविध अंतस्थ विशेषताएं बताइए। [100 शब्द]

What is a digital signature ? What does its authentication mean ? Give various salient built-in features of a digital signature. [100 words] 5

Q. 16(b) 3-आयामी (3D) मुद्रण तकनीक किस प्रकार कार्य करती है ? इस तकनीक की लाभ-हानियाँ सूचीबद्ध कीजिए। [100 शब्द]

How does the 3D printing technology work ? List out the advantages and disadvantages of the technology. [100 words] 5

Q. 17(a) FRP मिश्रित पदार्थ क्या होता है ? उनका उत्पादन कैसे होता है ? विमानन और कार उद्योग में उनके उपयोग की विवेचना कीजिए। [100 शब्द]

What is an FRP composite material ? How are they manufactured ? Discuss their applications in aviation and automobile industries. [100 words] 5

Q. 17(b) जल वृष्टि पोषित नदी (Run-of-river) जल विद्युत परियोजना से आप क्या समझते हैं ? वह किसी अन्य जल विद्युत परियोजना से किस प्रकार भिन्न होती है ? [100 शब्द]

What do you understand by Run-of-river hydroelectricity project ? How is it different from any other hydroelectricity project ? [100 words] 5

Q.18. विपदा-पूर्व प्रबंधन के लिए संवेदनशीलता व जोखिम निर्धारण कितना महत्वपूर्ण हैं ? प्रशासक के रूप में आप विपदा प्रबंधन प्रणाली में किन मुख्य बिन्दुओं पर ध्यान देंगे ? [200 शब्द]

How important are vulnerability and risk assessment for pre-disaster management ? As an administrator, what are key areas that you would focus on in a Disaster Management System. [200 words] 10

Q.19. अवैध खनन के क्या परिणाम होते हैं ? कोयला खनन क्षेत्र के लिए पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के 'हाँ' या 'नहीं' की अवधारणा की विवेचना कीजिए। [200 शब्द]

What are the consequences of Illegal mining ? Discuss the Ministry of Environment and Forests' concept of GO AND NO GO zones for coal mining sector. [200 words] 10

Q.20. भारत की राष्ट्रीय जल नीति की परिगणना कीजिए। गंगा नदी का उदाहरण लेते हुए, नदियों के जल प्रदूषण नियंत्रण व प्रबंधन के लिए अंगीकृत की जाने वाली रणनीतियों की विवेचना कीजिए। भारत में खतरनाक अपशेषों के प्रबंधन और संचालन के लिए क्या वैधानिक प्रावधान हैं ? [200 शब्द]

Enumerate the National Water Policy of India. Taking river Ganges as an example, discuss the strategies which may be adopted for river water pollution control and management. What are the legal provisions of management and handling of hazardous wastes in India ? [200 words] 10

Q.21. अवैध धन स्थांतरण देश की आर्थिक प्रभुसत्ता के लिए एक गंभीर सुरक्षा जोखिम होता है। भारत के लिए इसका क्या महत्व है और इस खतरे से बचने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए ? [200 शब्द]

Money laundering poses a serious security threat to a country's economic sovereignty. What is its significance for India and what steps are required to be taken to control this menace ? [200 words] 10

Q.22. 'सामाजिक संजाल स्थल' (Social Networking Sites) क्या होती हैं और इन स्थलों से क्या सुरक्षा उलझनें प्रस्तुत होती हैं ? [200 शब्द]

What are social networking sites and what security implications do these sites present ? [200 words] 10

Q.23. कुछ रक्षा विश्लेषक इलेक्ट्रानिकी संचार माध्यम द्वारा युद्ध को अलकायदा और आतंकवाद से भी बड़ा खतरा मानते हैं। आप 'इलेक्ट्रानिकी संचार माध्यम युद्ध' (Cyber warfare) से क्या समझते हैं ? भारत ऐसे जिन खतरों के प्रति संवेदनशील है उनकी रूप-रेखा खींचिए और देश की उनसे निपटने की तैयारी को भी स्पष्ट कीजिए। [200 शब्द]

Cyber warfare is considered by some defense analysts to be a larger threat than even Al Qaeda or terrorism. What do you understand by Cyber warfare ? Outline the cyber threats which India is vulnerable to and bring out the state of the country's preparedness to deal with the same. [200 words] 10

Q.24. भारत के संविधान की धारा 244, अनुसूचित व आदिवासी क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित है। उसकी पांचवीं सूची के कार्यान्वित न करने से वामपंथी पक्ष के चरम पंथ पर प्रभाव का विश्लेषण कीजिए। [200 शब्द]

Article 244 of the Indian Constitution relates to administration of scheduled areas and tribal areas. Analyse the impact of non-implementation of the provisions of the Fifth schedule on the growth of Left Wing extremism. [200 words] 10

Q.25. दक्षिण एशिया के अधिकतर देशों तथा मयनमार से लगी विशेषकर लम्बी छिद्रिल सीमाओं की दृष्टि से भारत की आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियाँ सीमा प्रबंधन से कैसे जुड़ी हैं ? [200 शब्द]

How far are India's internal security challenges linked with border management particularly in view of the long porous borders with most countries of South Asia and Myanmar ? [200 words] 10

CS(M), 2014

**C–DRN–N–ITUC**

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र–III)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

कुल **बीस** प्रश्न दिए गए हैं जो हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

## GENERAL STUDIES (PAPER–III)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are TWENTY questions printed both in HINDI and in ENGLISH.

All questions are compulsory.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए, प्रत्येक *200* शब्दों से ज़्यादा का न हो। उत्तर की विषयवस्तु शब्द-सीमा से अधिक महत्त्वपूर्ण है। सभी प्रश्नों के मान बराबर हैं :

Answer *all* the questions in NOT MORE than *200* words each. Content of the answer is more important than its length. All questions carry equal marks : 12½×20=250

**1.** सामान्यतः देश कृषि से उद्योग और बाद में सेवाओं को अन्तरित होते हैं पर भारत सीधे ही कृषि से सेवाओं को अन्तरित हो गया है। देश में उद्योग के मुकाबले सेवाओं की विशाल संवृद्धि के क्या कारण हैं? क्या भारत सशक्त औद्योगिक आधार के बिना एक विकसित देश बन सकता है?

Normally countries shift from agriculture to industry and then later to services, but India shifted directly from agriculture to services. What are the reasons for the huge growth of services vis-à-vis industry in the country? Can India become a developed country without a strong industrial base?

**2.** ''जिस समय हम भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश (डेमोग्राफिक डिविडेंड) को शान से प्रदर्शित करते हैं, उस समय हम रोज़गार-योग्यता की पतनशील दरों को नज़रअन्दाज़ कर देते हैं।'' क्या हम ऐसा करने में कोई चूक कर रहे हैं? भारत को जिन जॉबों की बेसब्री से दरकार है, वे जॉब कहाँ से आएँगे? स्पष्ट कीजिए।

"While we flaunt India's demographic dividend, we ignore the dropping rates of employability." What are we missing while doing so? Where will the jobs that India desperately needs come from? Explain.

**3.** एक दृष्टिकोण यह भी है कि राज्य अधिनियमों के अधीन स्थापित कृषि उत्पादन बाज़ार समितियों (APMCs) ने भारत में न केवल कृषि के विकास को बाधित किया है, बल्कि वे खाद्यवस्तु महँगाई का कारण भी रही हैं। समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिए।

There is also a point of view that Agricultural Produce Market Committees (APMCs) set up under the State Acts have not only impeded the development of agriculture but also have been the cause of food inflation in India. Critically examine.

**4.** ''गाँवों में सहकारी समिति को छोड़कर, ऋण संगठन का कोई भी अन्य ढाँचा उपयुक्त नहीं होगा।''—*अखिल भारतीय ग्रामीण ऋण सर्वेक्षण।*

भारत में कृषि वित्त की पृष्ठभूमि में, इस कथन पर चर्चा कीजिए। कृषि वित्त प्रदान करने वाली वित्तीय संस्थाओं को किन बाध्यताओं और कसौटियों का सामना करना पड़ता है? ग्रामीण सेवार्थियों तक बेहतर पहुँच और सेवा के लिए प्रौद्योगिकी का किस प्रकार इस्तेमाल किया जा सकता है?

"In the villages itself no form of credit organization will be suitable except the cooperative society." —*All India Rural Credit Survey.*

Discuss this statement in the background of agricultural finance in India. What constraints and challenges do financial institutions supplying agricultural finance face? How can technology be used to better reach and serve rural clients?

**5.** भूमि अर्जन, पुनरुद्धार और पुनर्वासन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 पहली जनवरी, 2014 से प्रभावी हो गया है। इस अधिनियम के लागू होने से कौन-से महत्त्वपूर्ण मुद्दों का समाधान निकलेगा? भारत में उद्योगीकरण और कृषि पर इसके क्या परिणाम होंगे?

The Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 has come into effect from 1st January, 2014. What are the key issues which would get addressed with the Act in place? What implications would it have on industrialization and agriculture in India?

6. पूँजीवाद ने विश्व अर्थव्यवस्था का अभूतपूर्व समृद्धि तक दिशा-निर्देशन किया है। परन्तु फिर भी, वह अक्सर अदूरदर्शिता को प्रोत्साहित करता है तथा धनवानों और निर्धनों के बीच विस्तृत असमताओं को बढ़ावा देता है। इसके प्रकाश में, भारत में समावेशी संवृद्धि को लाने के लिए क्या पूँजीवाद में विश्वास करना और उसको अपना लेना सही होगा? चर्चा कीजिए।

Capitalism has guided the world economy to unprecedented prosperity. However, it often encourages short-sightedness and contributes to wide disparities between the rich and the poor. In this light, would it be correct to believe and adopt capitalism for bringing inclusive growth in India? Discuss.

7. समझाइए कि दीर्घकालिक पक्वनावधि (जेस्टेशन) आधारिक संरचना परियोजनाओं में निजी लोक भागीदारी (प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप) किस प्रकार अधारणीय (अनसस्टेनेबल) देयताओं को भविष्य पर अन्तरित कर सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि उत्तरोत्तर पीढ़ियों की सक्षमताओं के साथ कोई समझौता न हो, क्या व्यवस्थाएँ स्थापित की जानी चाहिए?

Explain how Private Public Partnership arrangements, in long gestation infrastructure projects, can transfer unsustainable liabilities to the future. What arrangements need to be put in place to ensure that successive generations' capacities are not compromised?

8. राष्ट्रीय नगरीय परिवहन नीति 'वाहनों की आवाजाही' के बजाय 'लोगों की आवाजाही' पर बल देती है। इस सम्बन्ध में सरकार की विविध रणनीतियों की सफलता की आलोचनात्मक चर्चा कीजिए।

National Urban Transport Policy emphasises on 'moving people' instead of 'moving vehicles'. Discuss critically the success of the various strategies of the Government in this regard.

9. रक्षा क्षेत्रक में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफ० डी० आइ०) को अब उदारीकृत करने की तैयारी है। भारत की रक्षा और अर्थव्यवस्था पर अल्पकाल और दीर्घकाल में इसके क्या प्रभाव अपेक्षित हैं?

Foreign Direct Investment (FDI) in the defence sector is now set to be liberalized. What influence this is expected to have on Indian defence and economy in the short and long run?

10. भारतीय विश्वविद्यालयों में वैज्ञानिक अनुसंधान का स्तर गिरता जा रहा है, क्योंकि विज्ञान में कैरियर उतना आकर्षक नहीं है जितना कि वह कारोबार संव्यवसाय, इंजीनियरी या प्रशासन में है, और विश्वविद्यालय उपभोक्ता-उन्मुखी होते जा रहे हैं। समालोचनात्मक टिप्पणी कीजिए।

Scientific research in Indian universities is declining, because a career in science is not as attractive as are business professions, engineering or administration, and the universities are becoming consumer-oriented. Critically comment.

11. क्या ऐन्टीबायोटिकों का अति-उपयोग और डॉक्टरी नुस्खे के बिना मुक्त उपलब्धता, भारत में औषधि-प्रतिरोधी रोगों के आविर्भाव के अंशदाता हो सकते हैं? अनुवीक्षण और नियंत्रण की क्या क्रियाविधियाँ उपलब्ध हैं? इस सम्बन्ध में विभिन्न मुद्दों पर समालोचनापूर्वक चर्चा कीजिए।

Can overuse and free availability of antibiotics without Doctor's prescription, be contributors to the emergence of drug-resistant diseases in India? What are the available mechanisms for monitoring and control? Critically discuss the various issues involved.

12. वैश्वीकृत संसार में, बौद्धिक सम्पदा अधिकारों का महत्त्व हो जाता है और वे मुक़द्दमेबाज़ी का एक स्रोत हो जाते हैं। कॉपीराइट, पेटेंट और व्यापार गुप्तियों के बीच मोटे तौर पर विभेदन कीजिए।

In a globalized world, Intellectual Property Rights assume significance and are a source of litigation. Broadly distinguish between the terms—Copyrights, Patents and Trade Secrets.

13. क्या यू० एन० एफ० सी० सी० सी० के अधीन स्थापित कार्बन क्रेडिट और स्वच्छ विकास यांत्रिकत्वों का अनुसरण जारी रखा जाना चाहिए, यद्यपि कार्बन क्रेडिट के मूल्य में भारी गिरावट आयी है? आर्थिक संवृद्धि के लिए भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं की दृष्टि से चर्चा कीजिए।

Should the pursuit of carbon credits and clean development mechanisms set up under UNFCCC be maintained even though there has been a massive slide in the value of a carbon credit? Discuss with respect to India's energy needs for economic growth.

14. सूखे को उसके स्थानिक विस्तार, कालिक अवधि, मंथर प्रारम्भ और कमज़ोर वर्गों पर स्थायी प्रभावों की दृष्टि से आपदा के रूप में मान्यता दी गई है। राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (एन० डी० एम० ए०) के सितम्बर 2010 मार्गदर्शी सिद्धान्तों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए भारत में एल नीनो और ला नीना के सम्भावित दुष्प्रभावों से निपटने के लिए तैयारी की कार्यविधियों पर चर्चा कीजिए।

Drought has been recognized as a disaster in view of its spatial expanse, temporal duration, slow onset and lasting effects on vulnerable sections. With a focus on the September 2010 guidelines from the National Disaster Management Authority (NDMA), discuss the mechanisms for preparedness to deal with likely El Niño and La Niña fallouts in India.

15. सरकार द्वारा किसी परियोजना को अनुमति देने से पूर्व, अधिकाधिक पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अध्ययन किए जा रहे हैं। कोयला गर्त-शिखरों (पिटहेड्स) पर अवस्थित कोयला-अग्नित तापीय संयंत्रों के पर्यावरणीय प्रभावों पर चर्चा कीजिए।

Environmental Impact Assessment studies are increasingly undertaken before a project is cleared by the Government. Discuss the environmental impacts of coal-fired thermal plants located at coal pitheads.

16. "बहुधार्मिक व बहुजातीय समाज के रूप में भारत की विविध प्रकृति, पड़ोस में दिख रहे अतिवाद के संघात के प्रति निरापद नहीं है।" ऐसे वातावरण के प्रतिकार के लिए अपनाए जाने वाली रणनीतियों के साथ विवेचना कीजिए।

"The diverse nature of India as a multi-religious and multi-ethnic society is not immune to the impact of radicalism which is seen in her neighbourhood." Discuss along with strategies to be adopted to counter this environment.

17. अन्तर्राष्ट्रीय नागर विमानन नियम सभी देशों को अपने भूभाग के ऊपर के आकाशी क्षेत्र (एयरस्पेस) पर पूर्ण और अनन्य प्रभुता प्रदान करते हैं। आप 'आकाशी क्षेत्र' से क्या समझते हैं? इस आकाशी क्षेत्र के ऊपर के आकाश के लिए इन नियमों के क्या निहितार्थ हैं? इससे प्रसूत चुनौतियों पर चर्चा कीजिए और ख़तरे को नियंत्रण करने के तरीके सुझाइए।

International civil aviation laws provide all countries complete and exclusive sovereignty over the airspace above their territory. What do you understand by 'airspace'? What are the implications of these laws on the space above this airspace? Discuss the challenges which this poses and suggest ways to contain the threat.

18. भारत की सुरक्षा को गैर-कानूनी सीमापार प्रवसन किस प्रकार एक ख़तरा प्रस्तुत करता है? इसे बढ़ावा देने के कारणों को उजागर करते हुए ऐसे प्रवसन को रोकने की रणनीतियों का वर्णन कीजिए।

How does illegal transborder migration pose a threat to India's security? Discuss the strategies to curb this, bringing out the factors which give impetus to such migration.

19. 2012 में समुद्री डकैती के उच्च-जोखिम क्षेत्रों के लिए देशांतरी (लॉन्ज़िट्यूडिनल) अंकन अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन द्वारा अरब सागर में 65 डिग्री पूर्व से 78 डिग्री पूर्व तक खिसका दिया गया था। भारत के समुद्री सुरक्षा सरोकारों पर इसका क्या परिणाम है?

In 2012, the longitudinal marking for high-risk areas for piracy was moved from 65 degrees east to 78 degrees east in the Arabian Sea by the International Maritime Organization. What impact does this have on India's maritime security concerns?

20. चीन और पाकिस्तान ने एक आर्थिक गलियारे के विकास के लिए समझौता किया है। यह भारत की सुरक्षा के लिए क्या ख़तरा प्रस्तुत करता है? समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

China and Pakistan have entered into an agreement for development of an economic corridor. What threat does this pose for India's security? Critically examine.

★ ★ ★

CS (Main) Exam:2015

**C-AVZ-O-TTDZ**

# सामान्य अध्ययन / GENERAL STUDIES

## प्रश्न-पत्र III / Paper III

| निर्धारित समय : तीन घंटे<br>Time allowed : Three Hours | अधिकतम अंक : 250<br>Maximum Marks : 250 |
| --- | --- |

---

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **बीस** प्रश्न हैं जो **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।*

***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **TWENTY** questions printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

***All** the questions are compulsory.*

*The number of marks carried by each question is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

---

*सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए जो प्रत्येक 200 शब्दों से **अधिक नहीं** होने चाहिए । उत्तर की अन्तर्वस्तु उसकी लम्बाई से अधिक महत्त्वपूर्ण है । सभी प्रश्नों के समान अंक हैं ।*

*Answer all the questions in NOT MORE THAN 200 words each. Contents of the answer are more important than its length. All questions carry equal marks.* $12\frac{1}{2} \times 20 = 250$

**Q1.** हाल के समय में भारत में आर्थिक संवृद्धि की प्रकृति का वर्णन अक्सर नौकरीहीन संवृद्धि के तौर पर किया जाता है । क्या आप इस विचार से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क प्रस्तुत कीजिए ।

The nature of economic growth in India in recent times is often described as jobless growth. Do you agree with this view ? Give arguments in favour of your answer. $12\frac{1}{2}$

**Q2.** ग्रामीण क्षेत्रों में कृषीतर रोज़गार और आय का प्रबन्ध करने में पशुधन पालन की बड़ी संभाव्यता है । भारत में इस क्षेत्रक की प्रोन्नति करने के उपयुक्त उपाय सुझाते हुए चर्चा कीजिए ।

Livestock rearing has a big potential for providing non-farm employment and income in rural areas. Discuss suggesting suitable measures to promote this sector in India. $12\frac{1}{2}$

**Q3.** भारत में कृषिभूमि धारणों के पतनोन्मुखी औसत आकार को देखते हुए, जिसके कारण अधिकांश किसानों के लिए कृषि अलाभकारी बन गई है, क्या संविदा कृषि को और भूमि को पट्टे पर देने को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ? इसके पक्ष-विपक्ष का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

In view of the declining average size of land holdings in India which has made agriculture non-viable for a majority of farmers, should contract farming and land leasing be promoted in agriculture ? Critically evaluate the pros and cons. $12\frac{1}{2}$

**Q4.** 'डिजिटल भारत' कार्यक्रम खेत उत्पादकता और आय को बढ़ाने में किसानों की किस प्रकार सहायता कर सकता है ? सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या कदम उठाए हैं ?

How can the 'Digital India' programme help farmers to improve farm productivity and income ? What steps has the Government taken in this regard ? $12\frac{1}{2}$

**Q5.** प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डी.बी.टी.) के द्वारा कीमत सहायिकी का प्रतिस्थापन भारत में सहायिकियों के परिदृश्य का किस प्रकार परिवर्तन कर सकता है ? चर्चा कीजिए ।

In what way could replacement of price subsidy with Direct Benefit Transfer (DBT) change the scenario of subsidies in India ? Discuss. $12\frac{1}{2}$

**Q6.** भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग का विकास करने की राह में विपणन और पूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में क्या बाधाएँ हैं ? क्या इन बाधाओं पर काबू पाने में ई-वाणिज्य सहायक हो सकता है ?

What are the impediments in marketing and supply chain management in developing the food processing industry in India ? Can e-commerce help in overcoming these bottlenecks ? $12\frac{1}{2}$

**Q7.** सोने के लिए भारतीयों के उन्माद ने हाल के वर्षों में सोने के आयात में प्रोत्कर्ष (उछाल) उत्पन्न कर दिया है और भुगतान-संतुलन और रुपए के बाह्य मूल्य पर दबाव डाला है । इसको देखते हुए, स्वर्ण मुद्रीकरण योजना के गुणों का परीक्षण कीजिए ।

Craze for gold in Indians has led to a surge in import of gold in recent years and put pressure on balance of payments and external value of rupee. In view of this, examine the merits of the Gold Monetization Scheme. $12\frac{1}{2}$

**Q8.** " 'भारत में बनाइए' कार्यक्रम की सफलता, 'कौशल भारत' कार्यक्रम और आमूल श्रम सुधारों की सफलता पर निर्भर करती है ।" तर्कसम्मत दलीलों के साथ चर्चा कीजिए ।

"Success of 'Make in India' programme depends on the success of 'Skill India' programme and radical labour reforms." Discuss with logical arguments. $12\frac{1}{2}$

**Q9.** सौर ऊर्जा की उपकरण लागतों और टैरिफ में हाल के नाटकीय पतन के क्या कारक बताए जा सकते हैं ? इस प्रवृत्ति के तापीय विद्युत् उत्पादकों और सम्बन्धित उद्योग के लिए क्या निहितार्थ हैं ?

To what factors can the recent dramatic fall in equipment costs and tariff of solar energy be attributed ? What implications does the trend have for the thermal power producers and the related industry ? $12\frac{1}{2}$

**Q10.** इसकी स्पष्ट स्वीकृति है कि विशेष आर्थिक ज़ोन (एस.इ.ज़ैड.) औद्योगिक विकास, विनिर्माण और निर्यातों के एक साधन हैं । इस संभाव्यता को मान्यता देते हुए, एस.ई.ज़ैड. के संपूर्ण करणत्व में वृद्धि करने की आवश्यकता है । कराधान, नियंत्रक कानूनों और प्रशासन के संबंध में एस.ई.ज़ैडों. की सफलता को परेशान करने वाले मुद्दों पर चर्चा कीजिए ।

There is a clear acknowledgement that Special Economic Zones (SEZs) are a tool of industrial development, manufacturing and exports. Recognizing this potential, the whole instrumentality of SEZs requires augmentation. Discuss the issues plaguing the success of SEZs with respect to taxation, governing laws and administration. $12\frac{1}{2}$

**Q11.** जी.पी.एस. युग में, 'मानक स्थिति-निर्धारण प्रणालियों' और 'परिशुद्ध स्थिति-निर्धारण प्रणालियों' से आप क्या समझते हैं ? केवल सात उपग्रहों का इस्तेमाल करते हुए अपने महत्त्वाकांक्षी आई.आर.एन.एस.एस. कार्यक्रम से भारत किन लाभों को देखता है, इस पर चर्चा कीजिए ।

What do you understand by 'Standard Positioning Systems' and 'Precision Positioning Systems' in the GPS era ? Discuss the advantages India perceives from its ambitious IRNSS programme employing just seven satellites. $12\frac{1}{2}$

**Q12.** निषेधात्मक श्रम के कौन-से क्षेत्र हैं, जिनका रोबोटों के द्वारा धारणीय रूप से प्रबंधन किया जा सकता है ? ऐसी पहलों पर चर्चा कीजिए, जो प्रमुख अनुसंधान संस्थानों में मौलिक और लाभप्रद नवाचार के लिए अनुसंधान को आगे बढ़ा सकें ।

What are the areas of prohibitive labour that can be sustainably managed by robots ? Discuss the initiatives that can propel research in premier research institutes for substantive and gainful innovation. $12\frac{1}{2}$

**Q13.** सरकारी कार्यकलापों के लिए, सर्वरों की क्लाउड होस्टिंग बनाम स्वसंस्थागत मशीन-आधारित होस्टिंग के लाभों और सुरक्षा निहितार्थों पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the advantages and security implications of cloud hosting of servers vis-a-vis in-house machine-based hosting for government businesses. $12\frac{1}{2}$

**Q14.** भारत की पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी (टी.के.डी.एल.), जिसमें 20 लाख से ज़्यादा औषधीय फार्मूलेशनों पर संरूपित जानकारी है, त्रुटिपूर्ण पेटेंटों के प्रति देश की लड़ाई में एक शक्तिशाली हथियार साबित हो रही है । मुक्त-स्रोत लाइसेंसिंग के अधीन इस आँकड़ा-संचय (डेटाबेस) को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने के पक्ष और विपक्ष पर चर्चा कीजिए ।

India's Traditional Knowledge Digital Library (TKDL), which has a database containing formatted information on more than 2 million medicinal formulations is proving a powerful weapon in the country's fight against erroneous patents. Discuss the pros and cons of making this database publicly available under open-source licensing. $12\frac{1}{2}$

**Q15.** *नमामी गंगे* और स्वच्छ गंगा का राष्ट्रीय मिशन (एन.एम.सी.जी.) कार्यक्रमों पर और इससे पूर्व की योजनाओं से मिश्रित परिणामों के कारणों पर चर्चा कीजिए । गंगा नदी के परिरक्षण में कौन-सी प्रमात्रा छलांगें, क्रमिक योगदानों की अपेक्षा ज़्यादा सहायक हो सकती हैं ?

Discuss the *Namami Gange* and National Mission for Clean Ganga (NMCG) programmes and causes of mixed results from the previous schemes. What quantum leaps can help preserve the river Ganga better than incremental inputs ? $12\frac{1}{2}$

**Q16.** भारतीय उप-महाद्वीप में भूकम्पों की आवृत्ति बढ़ती हुई प्रतीत होती है । फिर भी, इनके प्रभाव के न्यूनीकरण हेतु भारत की तैयारी (तत्परता) में महत्त्वपूर्ण कमियाँ हैं । विभिन्न पहलुओं की चर्चा कीजिए ।

The frequency of earthquakes appears to have increased in the Indian subcontinent. However, India's preparedness for mitigating their impact has significant gaps. Discuss various aspects. $12\frac{1}{2}$

**Q17.** मानवाधिकार सक्रियतावादी लगातार इस विचार को उजागर करते रहे हैं कि सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम, 1958 (ए.एफ.एस.पी.ए.) एक क्रूर अधिनियम है, जिससे सुरक्षा बलों के द्वारा मानवाधिकार दुरुपयोगों के मामले उत्पन्न होते हैं । इस अधिनियम की कौन-सी धाराओं का सक्रियतावादी विरोध करते हैं ? उच्चतम न्यायालय के द्वारा व्यक्त विचार के संदर्भ में इसकी आवश्यकता का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

Human rights activists constantly highlight the view that the Armed Forces (Special Powers) Act, 1958 (AFSPA) is a draconian act leading to cases of human rights abuses by the security forces. What sections of AFSPA are opposed by the activists ? Critically evaluate the requirement with reference to the view held by the Apex Court. $12\frac{1}{2}$

**Q18.** डिजिटल मीडिया के माध्यम से धार्मिक मतारोपण का परिणाम भारतीय युवकों का आई.एस.आई.एस. में शामिल हो जाना रहा है । आई.एस.आई.एस. क्या है और उसका ध्येय (लक्ष्य) क्या है ? आई.एस.आई.एस. हमारे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए किस प्रकार ख़तरनाक हो सकता है ?

Religious indoctrination via digital media has resulted in Indian youth joining the ISIS. What is ISIS and its mission ? How can ISIS be dangerous for the internal security of our country ? $12\frac{1}{2}$

**Q19.** पिछड़े क्षेत्रों में बड़े उद्योगों का विकास करने के सरकार के लगातार अभियानों का परिणाम जनजातीय जनता और किसानों, जिनको अनेक विस्थापनों का सामना करना पड़ता है, का विलगन (अलग करना) है । मल्कानगिरि और नक्सलबाड़ी पर ध्यान केंद्रित करते हुए, वामपंथी उग्रवादी विचारधारा से प्रभावित नागरिकों को सामाजिक और आर्थिक संवृद्धि की मुख्यधारा में फिर से लाने की सुधारक रणनीतियों पर चर्चा कीजिए ।

The persisting drives of the Government for development of large industries in backward areas have resulted in isolating the tribal population and the farmers who face multiple displacements. With Malkangiri and Naxalbari foci, discuss the corrective strategies needed to win the Left Wing Extremism (LWE) doctrine affected citizens back into the mainstream of social and economic growth. $12\frac{1}{2}$

**Q20.** विचार करते हुए कि साइबरस्पेस देश के लिए ख़तरा प्रस्तुत करता है, भारत को ऐसे अपराधों को रोकने के लिए एक "डिजिटल सशस्त्र बल" की आवश्यकता है । राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति, 2013 के प्रभावी कार्यान्वयन में दिखाई देने वाली चुनौतियों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए, इस नीति का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

Considering the threats cyberspace poses for the country, India needs a "Digital Armed Force" to prevent crimes. Critically evaluate the National Cyber Security Policy, 2013 outlining the challenges perceived in its effective implementation. $12\frac{1}{2}$

CS (MAIN) Exam:2016

**M–ESC–O–GSC**

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र–III)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

इसमें **बीस** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

## GENERAL STUDIES (PAPER–III)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are TWENTY questions printed both in HINDI and in ENGLISH.

*All* questions are compulsory.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

निम्नलिखित **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम *200* शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न समान अंक का है।

Answer **all** the following questions. Each question is to be answered in not more than *200* words. Each question carries equal marks.

**1.** भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्वीकरण के परिणामस्वरूप औपचारिक क्षेत्र में रोज़गार कैसे कम हुए? क्या बढ़ती हुई अनौपचारिकता देश के विकास के लिए हानिकारक है?

How globalization has led to the reduction of employment in the formal sector of the Indian economy? Is increased informalization detrimental to the development of the country? 12½

**2.** भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए जेंडर बजटिंग अनिवार्य है। भारतीय प्रसंग में जेंडर बजटिंग की क्या आवश्यकताएँ एवं स्थिति हैं?

Women empowerment in India needs gender budgeting. What are the requirements and status of gender budgeting in the Indian context? 12½

**3.** प्रधान मंत्री जन-धन योजना (पी० एम० जे० डी० वाइ०) बैंकरहितों को संस्थागत वित्त में लाने के लिए आवश्यक है। क्या आप सहमत हैं कि इससे भारतीय समाज के गरीब तबके के लोगों का वित्तीय समावेश होगा? अपने मत की पुष्टि के लिए तर्क प्रस्तुत कीजिए।

Pradhan Mantri Jan-Dhan Yojana (PMJDY) is necessary for bringing unbanked to the institutional finance fold. Do you agree with this for financial inclusion of the poorer section of the Indian society? Give arguments to justify your opinion. 12½

**4.** 'स्मार्ट शहरों' से क्या तात्पर्य है? भारत के शहरी विकास में इनकी प्रासंगिकता का परीक्षण कीजिए। क्या इससे ग्रामीण तथा शहरी भेदभाव में बढ़ोतरी होगी? पी० यू० आर० ए० एवं आर० यू० आर० बी० ए० एन० मिशन के सन्दर्भ में 'स्मार्ट गाँवों' के लिए तर्क प्रस्तुत कीजिए।

What are 'Smart Cities'? Examine their relevance for urban development in India. Will it increase rural-urban differences? Give arguments for 'Smart Villages' in the light of PURA and RURBAN Mission. 12½

**5.** भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में एफ० डी० आइ० की आवश्यकता की पुष्टि कीजिए। हस्ताक्षरित समझौता-ज्ञापनों तथा वास्तविक एफ० डी० आइ० के बीच अन्तर क्यों है? भारत में वास्तविक एफ० डी० आइ० को बढ़ाने के लिए सुधारात्मक कदम सुझाइए।

Justify the need for FDI for the development of the Indian economy. Why there is gap between MOUs signed and actual FDIs? Suggest remedial steps to be taken for increasing actual FDIs in India. 12½

**6.** भारतीय सन्दर्भ में समावेशी विकास में निहित चुनौतियों, जिनमें लापरवाह और बेकार जनशक्ति शामिल है, पर टिप्पणी कीजिए। इन चुनौतियों का सामना करने के उपाय सुझाइए।

Comment on the challenges for inclusive growth which include careless and useless manpower in the Indian context. Suggest measures to be taken for facing these challenges. 12½

**7.** जल-उपयोग दक्षता से आप क्या समझते हैं? जल-उपयोग दक्षता को बढ़ाने में सूक्ष्म सिंचाई की भूमिका का वर्णन कीजिए।

What is water-use efficiency? Describe the role of micro-irrigation in increasing the water-use efficiency. 12½

**8.** ऐलीलोपैथी क्या है? सिंचित कृषि-क्षेत्रों की प्रमुख फसल पद्धतियों में इसकी भूमिका का वर्णन कीजिए।

What is allelopathy? Discuss its role in major cropping systems of irrigated agriculture. 12½

**9.** कृषि विकास में भूमि सुधारों की भूमिका की विवेचना कीजिए। भारत में भूमि सुधारों की सफलता के लिए उत्तरदायी कारकों को चिह्नित कीजिए।

Discuss the role of land reforms in agricultural development. Identify the factors that were responsible for the success of land reforms in India. 12½

**10.** भारतीय कृषि की प्रकृति की अनिश्चितताओं पर निर्भरता के मद्देनज़र, फसल बीमा की आवश्यकता की विवेचना कीजिए और प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पी० एम० एफ० बी० वाइ०) की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

Given the vulnerability of Indian agriculture to vagaries of nature, discuss the need for crop insurance and bring out the salient features of the Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (PMFBY). 12½

**11.** देश में नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों के संदर्भ में इनकी वर्तमान स्थिति और प्राप्त किए जाने वाले लक्ष्यों का विवरण दीजिए। प्रकाश उत्सर्जक डायोड (एल० ई० डी०) पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के महत्त्व की विवेचना संक्षेप में कीजिए।

Give an account of the current status and the targets to be achieved pertaining to renewable energy sources in the country. Discuss in brief the importance of National Programme on Light Emitting Diodes (LEDs). 12½

**12.** अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों की चर्चा कीजिए। इस प्रौद्योगिकी का प्रयोग भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास में किस प्रकार सहायक हुआ है?

Discuss India's achievements in the field of Space Science and Technology. How the application of this technology has helped India in its socio-economic development? 12½

**13.** अतिसूक्ष्म प्रौद्योगिकी (नैनोटेक्नोलॉजी) 21वीं शताब्दी की प्रमुख प्रौद्योगिकियों में से एक क्यों है? अतिसूक्ष्म विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर भारत सरकार के मिशन की प्रमुख विशेषताओं तथा देश के विकास के प्रक्रम में इसके प्रयोग के क्षेत्र का वर्णन कीजिए।

Why is nanotechnology one of the key technologies of the 21st century? Describe the salient features of Indian Government's Mission on Nanoscience and Technology and the scope of its application in the development process of the country. 12½

**14.** बड़ी परियोजनाओं के नियोजन के समय मानव बस्तियों का पुनर्वास एक महत्त्वपूर्ण पारिस्थितिक संघात है, जिस पर सदैव विवाद होता है। विकास की बड़ी परियोजनाओं के प्रस्ताव के समय इस संघात को कम करने के लिए सुझाए गए उपायों पर चर्चा कीजिए।

Rehabilitation of human settlements is one of the important environmental impacts which always attracts controversy while planning major projects. Discuss the measures suggested for mitigation of this impact while proposing major developmental projects. 12½

**15.** कई वर्षों से उच्च तीव्रता की वर्षा के कारण शहरों में बाढ़ की बारम्बारता बढ़ रही है। शहरी क्षेत्रों में बाढ़ के कारणों पर चर्चा करते हुए इस प्रकार की घटनाओं के दौरान जोखिम कम करने की तैयारियों की क्रियाविधि पर प्रकाश डालिए।

The frequency of urban floods due to high intensity rainfall is increasing over the years. Discussing the reasons for urban floods, highlight the mechanisms for preparedness to reduce the risk during such events. 12½

**16.** राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (एन० डी० एम० ए०) के सुझावों के सन्दर्भ में, उत्तराखण्ड के अनेकों स्थानों पर हाल ही में बादल फटने की घटनाओं के संघात को कम करने के लिए अपनाए जाने वाले उपायों पर चर्चा कीजिए।

With reference to National Disaster Management Authority (NDMA) guidelines, discuss the measures to be adopted to mitigate the impact of the recent incidents of cloudbursts in many places of Uttarakhand. 12½

**17.** 'उग्र अनुसरण' एवं 'शल्यक प्रहार' पदों का प्रयोग प्रायः आतंकी हमलों के विरुद्ध सैन्य कार्यवाही के लिए किया जाता है। इस प्रकार की कार्यवाहियों के युद्धनीतिक प्रभाव की विवेचना कीजिए।

The terms 'Hot Pursuit' and 'Surgical Strikes' are often used in connection with armed action against terrorist attacks. Discuss the strategic impact of such actions. 12½

**18.** ''पिछले कुछ दशकों से आतंकवाद एक प्रतिस्पर्द्धात्मक उद्योग के रूप में उभर रहा है।''
उपर्युक्त कथन का विश्लेषण कीजिए।

"Terrorism is emerging as a competitive industry over the last few decades."
Analyze the above statement. 12½

**19.** दुर्गम क्षेत्र एवं कुछ देशों के साथ शत्रुतापूर्ण सम्बन्धों के कारण सीमा प्रबन्धन एक कठिन कार्य है। प्रभावशाली सीमा प्रबन्धन की चुनौतियों एवं रणनीतियों पर प्रकाश डालिए।

Border management is a complex task due to difficult terrain and hostile relations with some countries. Elucidate the challenges and strategies for effective border management. 12½

**20.** गैर-राज्य अभिकर्त्ताओं द्वारा इन्टरनेट एवं सोशल मीडिया का विध्वंसकारी गतिविधियों हेतु प्रयोग सुरक्षा के लिए एक बृहद् चिंता का विषय है। हाल ही में इनका दुष्प्रयोग किस प्रकार हुआ है? उपर्युक्त खतरे को नियंत्रित करने के लिए प्रभावकारी सुझाव सुझाइए।

Use of Internet and social media by non-state actors for subversive activities is a major security concern. How have these been misused in the recent past? Suggest effective guidelines to curb the above threat. 12½

★★★

CS (MAIN) Exam : 2017 **वियोज्य *DETACHABLE***

# सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र III)

# GENERAL STUDIES (Paper III)

*समय : तीन घण्टे*
*Time Allowed : Three Hours*

*अधिकतम अंक : 250*
*Maximum Marks : 250*

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें ।**

कुल **बीस** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

**प्रश्न संख्या 1 से 10 तक का उत्तर 150 शब्दों में तथा प्रश्नसंख्या 11 से 20 तक का उत्तर 250 शब्दों में दें ।**

प्रश्नों में इंगित शब्द सीमा को ध्यान में रखें ।

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **TWENTY** questions printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

All questions are compulsory.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

**Answers to Question Nos. 1 to 10 should be in 150 words, whereas answers to Question Nos. 11 to 20 should be in 250 words.**

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

1. भारत की संभाव्य संवृद्धि के अनेक कारको में बचत दर, सर्वाधिक प्रभावी है । क्या आप इससे सहमत हैं ? संवृद्धि संभाव्यता के अन्य कौन से कारक उपलब्ध हैं ? (उत्तर 150 शब्दों में दें)

Among several factors for India's potential growth, savings rate is the most effective one. Do you agree ? What are the other factors available for growth potential ? (Answer in 150 words) 10

